# कन्हार

## छत्तीसगढ़ की माटी



अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय न्यूज लेटर

संस्करण 11 (3) जुलाई - सितंबर, 2021

त्रैमासिक पत्रिका

## कुलपति जी की कलम से...

सुधी पाठकों!

कन्हार का तीसरा अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। गत तीन माह में विश्वविद्यालय ने नौ वर्षों बाद 12B की मान्यता प्राप्त की जो विश्वविद्यालय को अनुदान प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण उपलब्धि है।




विश्वविद्यालय के संगणक विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग द्वारा डाटा साईंस एप्लीकेशन एण्ड रिसर्च डाइरेक्शन्स विषय पर संकाय उन्नति आभासीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पूर्ण किया गया। स्व. रोहिणी कुमार वाजपेयीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। नैक जागरूकता विषय पर कार्यशाला का सफल आयोजन विश्वविद्यालय के IQAC आंतरित गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने आभासी माध्यम से संपन्न किया।

गुरूघासीदास विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. अशोक चक्रवाल का स्वागत समारोह आयोजित कर अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय हर्षित हुआ।

'' सर्वसमावेशी राजनिति'' विषय पर वेबीनार में माननीया कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइकेजी के आर्शीवचनों से सारे श्रोतागण लाभान्वित हुए।

उद्यमिता को प्रोत्साहन देने हेतु उद्योग एवं इन्डस्ट्री इन्टट्यूट इन्टरफेस का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय ने ICSI के साथ MOU कर नए आयाम की शुरूआत की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी श्री महावीर प्रसाद चन्द्रा, स्वयंसेवक स्तर पर लाकेश सिदार, किशोर राजपूत एवं गार्गी सनाड्य को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किये जाने पर विश्वविद्यालय गौरवान्वित हुआ। अन्य गतिविधियों में फिट इंडिया, योग प्रचार, स्वच्छता, टिकाकरण के महत्व पर जागरूकता जैसी गतिविधियाँ सम्मिलित रही।



**(आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी)**

## विश्वविद्यालय को 12बी की मान्यता







अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय स्थापना के बाद से अब तक केंद्रीय अनुदान से वंचित रहा है। स्थापना के 9 वर्ष बाद भी विश्वविद्यालय को 12बी की मान्यता नहीं मिल सकी थी। जिसकी वजह से विश्वविद्यालय को केंद्रीय योजनाओं का लाभ, केंद्र सरकार द्वारा बड़ा प्रोजेक्ट, इस विश्वविद्यालय को नहीं मिल पा रहा था। आवेदन पश्चात 12बी की मान्यता हेतु यूजीसी टीम ने विश्वविद्यालय का निरीक्षण 7 से 9 जुलाई की अवधि में सम्पूर्ण किया।

12 बी की टीम की अध्यक्षता प्रा. अनु लथेर, कुलपति अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली ने की। अन्य सदस्य प्रो. देवानंद, कम्प्यूटर साइंस एण्ड आईटी, सेन्ट्रल विश्वविद्यालय जम्मू, प्रो. पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, फार्मर एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर, म.प्र. स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कार्पोरेशन, रहे। श्री अशोक गर्ग, यूजीसी कोआर्डिनेटिंग ऑफिसर की भूमिका में रहे।

गहन अवलोकन पश्चात् यूजीसी की टीम ने अपनी रिपोर्ट यूजीसी को प्रेषित की जिसके आधार पर विश्वविद्यालय को 12बी की मान्यता प्रदान की गयी।

## एप्लीकेशन एण्ड रिसर्च डायरेक्शंस – पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस एण्ड एप्लीकेशन विभाग द्वारा दिनांक 05 जुलाई, 2021, से डाटा साइंस : एप्लीकेशन एण्ड रिसर्च डायरेक्शंस विषय पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। ये एफडीपी एआईसीटीई टीचिंग एण्ड लर्निंग एकेडमी के द्वारा प्रायोजित था। एआईसीटीई, न्यू दिल्ली द्वारा दिनांक 05 जुलाई, 2021 को 72 फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का उद्घाटन किया गया।



संयोजक : डॉ. रश्मि गुप्ता



डॉ. मितुल अग्रवाल,
मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) भोपाल



डॉ. अपराजिता ओझा,
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर



डॉ. विजय भास्कर सेमवाल,
मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएएनआईटी) भोपाल



डॉ. अतुल गुप्ता,
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पन एवं विनिर्माण संस्थान, जबलपुर
इंट्रोडक्शन टू पाइथन, पाइथन बेसिक्स, पाइथन डाटा स्ट्रक्चर एंड डिसीजन कंट्रोल स्टेटमेंट्स इन पाइथन, पाइथन लाइब्रेरी



डॉ. प्रमोद कुमार सिंह,
अटल बिहारी वाजपेयी - भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान, ग्वालियर
ऑप्टिमाइजेशन टेक्नीक्स



डॉ. माया इंगले,
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
स्टेटिक्स फॉर डाटा साइंस एंड ई डी ए



डॉ. तन्मय हाजरा,
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान पुणे
क्लासिफिकेशन टेक्नीक्स



डॉ संजीव शर्मा,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पुणे
इंट्रोडक्शन टू मशीन लर्निंग



डॉ. ओम प्रकाश व्यास,
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद
क्लस्टरिंग, रिकमेंडर सिस्टम



डॉ. पार्थ प्रतिम रॉय,
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की
विजुलाइजेशन डाटा विथ पाइथन



सुश्री स्वप्निल नेमा,
इंफोसिस, ऑस्ट्रेलिया
रिटेल डाटा एनालिटिक्स



श्री हिमांशु नागरकर,
आर्ट ऑफ लिविंग आर्गेनाइजेशन
लाइफ स्किल मैनेजमेंट




डॉ. ललित सिंह,
न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र
सॉफ्टवेयर रिलियाबिलिटी एनालिसिस

## एफ.डी.पी. के प्रमुख विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में आईसीटी के महत्व के बारे में जानकारी संक्षेप में साझा की। कार्यक्रम के आरंभ में विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एच.एस. होता ने अतिथि एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी, जबलपुर से उपस्थित प्रो. अपराजिता ओझा ने अपने व्याख्यान में बताया की डाटा साइंस का उपयोग नए–नए आविष्कारों हेतु किया जा रहा हैं।

एफडीपी के दूसरे भाग में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी जबलपुर से डॉ. अतुल गुप्ता ने पाइथन प्रोग्रामिंग को दो व्याख्यानों में समझाया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि गुप्ता रही। इस कार्यक्रम में देश के अलग–अलग राज्य से 200 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।



# पुरातत्व-इतिहास अंतर्संबंध

## स्वर्गीय रोहिणी कुमार वाजपेयी जी की स्मृति में व्याख्यान
## 28 जुलाई, 2021

स्वर्गीय रोहिणी कुमार वाजपेयी जी की पुण्यतिथि दिनांक 28 जुलाई को स्मृति व्याख्यान पुरातत्व–इतिहास अंतर्संबंध सिस्को वेबैक्स प्लेटफार्म पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. राजीव शुक्ला उपाध्यक्ष भारत क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड मुंबई एवं पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर, भारत सरकार विशेष अतिथि श्री मुकेश अग्निहोत्री नेता प्रतिपक्ष हिमाचल प्रदेश एवं पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर हिमाचल प्रदेश शामिल होंगे।


श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, संसदीय सचिव विधायक तखतपुर मुख्य वक्ता श्री राहुल कुमार सिंह पुरातत्वविद डॉ. विवेक वाजपेयी समाजसेवी। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति महोदय आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी जी के द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुधीर शर्मा, कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय है।






स्व. रोहिणी कुमार वाजपेयी जी



# नैक जागरूकता पर कार्यशाला 27–29 जुलाई

**आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नैक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति महोदया, मुख्य अतिथि, डॉ. अरूणा पाल्टा सम्मिलित हुई। विशेष अतिथि के रूप में डॉ. देवेंद्र कावड़े, डिप्टी एडवाइजर नैक बेंगलुरू भी उपस्थित रहे। समापन समारोह में विशेष अतिथि डॉ. फरकान कमार, पूर्व कुलपति राजस्थान एवं हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय तथा सेक्रेटरी जनरल ए आई यू उपस्थित रहे, उन्होंने नैक संबंधी कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुये सभी प्रतिभागियों को नैक मूल्यांकन के लिए प्रोत्साहित किया।**

प्रथम तकनीकी सत्र में पाठ्यक्रम के संबंध में डॉ. जी.ए. घनश्याम, उच्च शिक्षा विभाग रायपुर ने जानकारी प्रदान की। द्वितीय सत्र में भोपाल से डॉ. मनीष शर्मा ने टीचिंग लर्निंग एवं इव्हेल्यूशन पर अपना वक्तव्य रखा। कार्यक्रम के दूसरे दिवस में डॉ. जी वजहान अरासु, जबलपुर से डॉ. रमेश सानियन, कर्नाटका से तथा प्रोफेसर पी.के. अहलूवालिया, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने तकनीकी सत्रों में अपने विचार व्यक्त किये प्रोफेसर अहलूवालिया ने कहा कि केवल नैक के लिए विश्वविद्यालय में गुणवत्ता नहीं लानी चाहिए अपितु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विश्वविद्यालय का ध्येय होना चाहिये जिसके आधार पर नैक के द्वारा मूल्यांकन किया जायेगा।

कार्यक्रम के अंतिम दिवस में तकनीकी सत्र में डॉ. आर जी शरदचंद्र ने तकनीकी सत्र को संबोधित किया, जिसके अंतर्गत उन्होंने विश्वविद्यालय में नैक के मूल्यांकन के लिए बिंदुवार जानकारी प्रदान की।



कार्यक्रम में आंतरिक मूल्यांकन प्रकोष्ठ के सभी सदस्य, विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के प्राचार्यगण आईक्यूएसी समन्वयक नैक समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एच.एस. होता ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं समन्वयक डॉ. सुमोना भट्टाचार्य ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के नवनियुक्त माननीय कुलपति, प्रोफेसर आलोक चक्रवाल जी का स्वागत



स्वागत समारोह में पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर के कुलपति प्रो. बी.जी. सिंह, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो. ललित पटेरिया, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. आर.पी. दुबे जी मंचासीन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेयी, माननीय कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर ने गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. चक्रवाल का स्वागत करते हुये छ.ग. की धरती पर विश्वविद्यालयों के संगम से छात्र कल्याण एवं शिक्षा जगत में गुणवत्ता लाने के प्रयास के संदर्भ में बातें कही। प्रो. चक्रवाल ने नई शिक्षा नीति के अनुसार सब के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जी. सिंह ने शिक्षा नीति के अनुसार विश्वविद्यालय के प्रकारों से उत्पन्न बाधाएं समाप्त कर शिक्षा के लिए राज्य में उपलब्ध संसाधनों का लाभ हर छात्र तक पहुंचाने की बात की। प्रो. चक्रवाल जी ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुये नई शिक्षा नीति के अनुसार सब के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही। नवनिर्मित विश्वविद्यालय शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के मा. कुलपति प्रो. ललित पटेरिया जी ने नवनिर्मित विश्वविद्यालय हेतु राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों से पूर्ण सहयोग की अपेक्षा की। डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति ने कोरोना काल के पश्चात् विश्वविद्यालय में पुनः समस्त कुलपतियों द्वारा एकत्रित होकर इस पकार के कार्यक्रम के आयोजन के संदर्भ में अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के समस्त शिक्षकगण तथा विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सर्व समावेशी राजनीति की प्रासंगिकता पर वेबीनार

माननीय राज्यपाल, सुश्री अनुसुईया उइके, मुख्य अतिथि के रूप में बेबीनार में सम्मिलित रही। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी महान जन नेता थे। श्री वाजपेयी जी समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध थे। इसी संकल्पना के आधार पर उन्होंने जनजातीय कार्य मंत्रालय का अलग से गठन किया, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग का पृथक–पृथक गठन किया, सामाजिक न्याय मंत्रालय की भी संरचना की, माननीय राज्यपाल ने अपने पुराने अनुभव साझा करते हुये कहा कि श्री वाजपेयी जी के नेतृत्व में उन्हें राष्ट्रीय महिला आयोग के सदस्य के रूप में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही उन्होंने एक सांसद के रूप में राज्यसभा में जाने का मौका दिया। राज्यपाल ने कहा कि श्री वाजपेयी जी की संकल्पना थी कि समाज के निचले तबके को आगे बढ़ने का मौका मिले। इसलिये उन्होंने सभी वर्ग के लोगों को काम करने का अवसर प्रदान किया।





माननीय राज्यपाल, सुश्री उईके ने कहा कि अटल जी, जननायक व राजनीतिज्ञ के साथ–साथ सहज सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। उनके प्रत्येक विचार, किसी पार्टी या विशेष व्यक्ति के हित में ना होकर संपूर्ण राष्ट्रमंगल की भावना से ओत–प्रोत होते थे। वे कहते थे देश एक मंदिर है, हम पुजारी हैं, राष्ट्रदेव की पूजा में हमें खुद को समर्पित कर देना चाहिए। वे भारतीय राजनीति के वास्तविक अजातशत्रु रहे।

# उद्योग एवं इंडस्ट्री इंस्टिटयूट इंटरफेस

3 सितंबर, 2021 को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, उद्योग एवं इंडस्ट्री इंस्टिट्यूट इंटरफेस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को रोजगार उन्मुख एवं उद्यमी बनाने हेतु इस क्षेत्र के उत्कृष्ट व्यवसायियों एवं उद्यमियों से सुझाव प्राप्त करना था। इस कार्यक्रम के दौरान उद्यमी एवं व्यवसाय जगत के उत्कृष्ट लोगों से अध्ययन अध्यापन के क्षेत्र में उनकी अपेक्षाओं के संदर्भ में जानकारी ली गई इस बैठक के निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि सभी छात्र छात्राओं को डिग्री के साथ कौशल विकास एवं संप्रेषण क्षमता को उभारने हेतु गुणवत्तापूर्ण अभ्यास की आवश्यकता है। श्री बृजमोहन अग्रवाल जी ने कहा कि अध्ययन के साथ–साथ प्रशिक्षण भी रोजगार उन्मुख होने के लिए अत्यंत

आवश्यक है। श्री अनिल सलूजा जी ने कहा कि विद्यार्थियों में नीति, नियम एवं नियत निहित होना चाहिए। डॉ अजय श्रीवास्तव जी ने कहा कि कौशल विकास हेतु उद्योग एवं व्यवसाय में छात्र–छात्राओं को आवश्यक रूप से प्रशिक्षण लेना चाहिए। श्री दुआ जी ने कहा कि कंप्यूटर में नए सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण छात्र–छात्राओं को दिया जाना चाहिए जो उनके कौशल विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। श्री हरीश केडिया जी ने कहा कि उद्योग एवं व्यवसाय क्षेत्र के द्वारा विश्वविद्यालय को गुणवत्तापूर्ण, रोजगार उन्मुख एवं उद्यमिता विकास के लिए सदैव सहभागिता प्रदाय की जावेगी।





## इंस्टीट्यूट आफ कंपनी सेक्रेट्रीज आफ इंडिया (ICSI) के साथ एम ओ यू

**अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में 15 सितंबर, 2021 को इंस्टीटयूट आफ कंपनी सेक्रेट्रीज आफ इंडिया (ICSI) के साथ शैक्षणिक सहयोग के अंतर्गत एम ओ यू पर कुलसचिव, डॉ सुधीर शर्मा एवं आइसीएसाई की ओर से आई सी एस आई के अध्यक्ष, श्री नागेंद्र डी. राव के द्वारा माननीय कुलपति महोदय, आचार्य अरूण दिवाकर नाथ वाजपेई जी के उपस्थिति में हस्ताक्षर संपन्न हुए।**

इस अनुबंध के तहत–

- दोनों शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र–छात्राओं तथा शिक्षकों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ दिए जाने का उल्लेख है , इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं वित्तीय विभाग में प्रत्येक वर्ष 3
- छात्र–छात्राओं को आइसीएसाई के द्वारा सिग्नेचर अवार्ड।
- विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संगोष्ठियो का आयोजन।
- बिलासपुर शहर में आइसीएसई का प्रथम स्टडी सेंटर विश्वविद्यालय में खोलना।

विश्वविद्यालय का संक्षिप्त परिचय देते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ एच. एस. होता ने ऐसे शैक्षणिक अनुबंध के विभिन्न पहलुओ के संदर्भ में चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ वाजपेई जी ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सुधीर शर्मा ,अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. एच .एस. होता, आइक्यूएसी समन्वयक डॉ सुमोना भट्टाचार्य ,श्री सौमित्र तिवारी एवं विकास शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आइसीएसई के द्वारा माननीय कुलपति महोदय को शहीद की बेटी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।





## हिंदी के अनछुए क्षितिज विषय पर आभासी परिचर्चा

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर हिंदी के अनछुए क्षितिज विषय पर आभासी परिचर्चा आयोजित किया गया। जिनके अध्यक्ष डॉ. पंकज ललित, निदेशक भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिमला रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, आचार्य एडीएन वाजपेयी जी रहे।



डॉ. पंकज ललित ने बतलाया की ''हिंदी समस्त जनमानस की भाषा है। यह हमारे भावों को उचित अभिव्यक्ति प्रदान करती है। अतः हमें हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए व हमें अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिये।''

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता माननीय कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेई जी ने बतलाया की लॉर्ड माउंटबेटन जैसे कई ब्रिटिश ब्यूरोक्रेट्स ने अंग्रेजी को महत्व देकर देश में एक अलग श्रेष्ठ वर्ग बनाने की कोशिश की व समस्त आम जनमानस को इससे अलग किया गया ताकि जानकारी के अभाव में उनका शोषण किया जा सके व भारत का विकास रोका जा सके। इससे हिंदी की अपूरणीय क्षति प्रारंभ हो गई यहां तक न्यायालयों ,संसद, शिक्षा जैसे संस्थानों में भी अंग्रेजी का कब्जा हो गया, जिसके कारण हिंदी केवल नाम मात्र की राजभाषा बन कर रह गई। वर्तमान में भी सारे कामकाज अंग्रेजी में ही किए जा रहे हैं। उन्होंने बतलाया कि ''बिना मूल भाषा की उन्नति के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। जितने भी विकसित व विकासशील राष्ट्र हैं वह सभी अपनी भाषा को प्राथमिकता देते हैं।''। उन्होंने कहा "भाषा रक्षति रक्षितः" जो अपनी मूल भाषा की रक्षा करता है वह भाषा उसकी रक्षा करती है।



# राष्ट्रीय सेवा योजना नियमित गतिविधियां

## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत साईकिल रैली का आयोजन



आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर द्वारा 10 अगस्त, 2021 को साईकिल रैली का नगर स्थित रासेयो इकाईयों के समस्त कार्यक्रम अधिकारी एवं छात्र,छात्राओ द्वारा आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 छात्र,छात्राओं ने अपने साइकल में महापुरूषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का फोटो तख्ती पर लेकर नगर का भ्रमण किया। यह रैली नेहरू चौक से प्रारंभ होकर गोल बाजार, गांधी चौक, इंदिरा गांधी चौक, अग्रसेन चौक होते हुए मिशन स्कूल में समाप्त हुई।

## फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत दौड़ कार्यक्रम



आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर में 28 अगस्त, 2021 को समय प्रातः 7.40 बजे फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत दौड़ का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र के साथ संयुक्त रूप से किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, बिलासपुर सांसद, माननीय अरूण कुमार साव जी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया किया। यह दौड़ बिलासा सभा कक्ष, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. बिलासपुर से प्रारंभ होकर आई.जी. कार्यालय के पास जल संसाधन – प्रार्थना सभा गृह में सम्पन्न हुई। सभागार मे विविध सांस्कृतिक कार्याक्रमों जैसे – पंथीनृत्य, कथकनृत्य, देश भक्ति गीत, जसगीत इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत दौड़ कार्यक्रम में लगभग 180 छात्र,छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में राज्य एन.एस.एस. अधिकारी व पदेन उपसचिव, छत्तीसगढ़ शासन उ.शि. विभाग के डॉ. समरेन्द्र सिंह, नेहरू युवा केन्द्र के राहुल सिंह, बेलतरा विधायक श्री रजनीश सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. के कुलसचिव, डॉ. सुधीर शर्मा, रासेयो अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि. के के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज कुमार सिन्हा, बिलासपुर जिले के जिला संगठक डॉ. संजय तिवारी, जिले के कार्यक्रम अधिकारी श्री गौरव साहू, श्री यूपेश कुमार, सूर्यप्रकाश द्विवेदी उपस्थित थे।



## आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का एक दिवसीय आयोजन




आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के बिलासा सभागार में 28 अगस्त, 2021 को समय प्रातः 10.00 बजे शाम 5.00 बजे तक कोविड–19 के दिशा दिर्नेशों का पालन करते हुए विभिन्न विधाओं पर जैसे – 1. फैंसी ड्रेस 2. चित्रकला 3. रंगोली 4. निबंध लेखन 5. भाषण स्पर्धा 6. प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन क्षेत्रीय लोक संपर्क सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा सहभागी छात्रों को भी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर सांसद माननीय अरूण साव जी , बेलतरा विधायक श्री रजनिश सिंह जी, जिले के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजू गुप्ता, डॉ. कमलेश शुक्ला, श्री गौरव साहू, श्री डी.पी.चन्द्रवंशी, रीना ताम्रकार, श्रीमती वंदना सहस्रबुद्धे, मोना केंवट, भारती बर्डे, सुश्री संस्कृति शास्त्री, श्री यूपेश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।


एन एस एस शिविर में अमृत महोत्सव का आगाज

## सी प्रमाण पत्र की मौखिकी परीक्षा (सत्र 2020–21)



राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के अंतर्गत रासेयो ''सी'' प्रमाण पत्र परियोजना प्रतिवेदन (प्रोजेक्ट रिपोर्ट) मूल्यांकन पश्चात् उत्तीर्ण छात्र,छात्रओं की 14 सितम्बर, 2021 को बिलासा सभागार, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,बिलासपुर में मौखिकी परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें 160 छात्र,छात्राओं ने सी प्रमाण पत्र हेतु मौखिकी परीक्षा में सम्मिलित हुए। मौखिकी परीक्षाक के रूप में डॉ. विमल पटेल, प्राध्यापक डी.पी.विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर, डॉ. संजय तिवारी जिला संगठक जिला बिलासपुर, सहा.प्राध्यापक जे.पी.वर्मा कला/वाणिज्य पी.जी.महाविद्यालय, बिलासपुर एवं श्री वाई.के.तिवारी जिला संगठक–जिला कोरबा, सहा.प्राध्यापक कमला नेहरू महाविद्यालय, कोरबा उपस्थित थे।

## पोषण माह – सितम्बर 2021



कोविड–19 की परिस्थितियों एवं मानकों को ध्यान में रखते हुए आफलाईन/आनलाईन माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग– आंगनबाड़ी के बच्चों, गर्भवती महिलाओं को फल का वितरण करना।
- डी.एल.एस महाविद्यालय– पोषण से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम करना।
- शास.बिलासा कन्या महाविद्यालय,बिलासपुर– सायकल रैली का आयोजन कर लोगों को पोषण आहार के बारे में जागरूक किया गया।
- डी.पी.विप्र महाविद्यालय– आनाज, फल और सब्जियों का रंगोली में प्रयोग।
- किशोरियों, गर्भवती महिलाओं व शिशुवती महिलाओं को पौष्टिक तत्वों से युक्त खान–पान की ओर आकर्षित करना।
- सीएमडी महाविद्यालय– गोदग्राम नेवसा में लोगों को संतुलित पोषण आहार की जानकारी देना।

## अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय एवं डी.एल.एस.महाविद्यालय द्वारा वेबीनार का आयोजन

अटल बिहारी वाजपेयी वि.वि.बिलासपुर एवं डी.एल.एस.महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 22.09.2021 को भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ए.यू के कुलपति माननीय आचार्य, ए.डी.एन.वाजपेयी, विशिष्ट अतिथि, राज्य एनएसएस अधिकारी, डॉ. समरेन्द्र सिंह रहे। अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक श्री ए.एस. कबीर ने की। मुख्य अतिथि आचार्य ए.डी.एन.वाजपेयी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के प्रति कृतज्ञ होना ही सच्ची राष्ट्र निष्ठा है। स्वतंत्रता व संस्कृति के संरक्षण के लिए आज के युवा को दधिचि बनकर अपनी हड्डियॉ गलाते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने सभी संस्थाओं को सुझाव देते हुए कहा स्वतंत्रता सेनानियों के नामों के आधार पर अपने विविध कक्षाओं के नाम रख सकते हैं।



आयोजन • अटल यूनिवर्सिटी और डीएलएस कॉलेज ने की राष्ट्रीय संगोष्ठी

**स्वतंत्रता व संस्कृति के संरक्षण के लिए युवाओं को आगे बढ़ना होगा: प्रो.वाजपेयी**

1. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ.ग. सेमीनार IQAC 03 जुलाई, 2021 सायं 04:00 बजे।
2. अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर छ.ग. FDP Computer Science 05–09 जुलाई, 2021 प्रातः 11:00 बजे।
3. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की समिति के द्वारा 12बी की मान्यता हेतु विश्वविद्यालय का निरीक्षण दिनांक 07 से 09 जुलाई, 2021.
4. "Convocation Ceremony" Heritage Society-Assam Circle Guwahati & Centre for Historical Studies and Archaeology Central University of South Bihar, Gaya, Cordially invite you to participate in the certificate distribution session of the Online Traning Course organised in July, 2021 on "Development of Indian Iconography with special focus on Brahmanical, Jain & Buddhist Art"
5. भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति व्याख्यान ''विषय–भारत में सर्वसमावेशी राजनीति की प्रासंगिकता'' दिनांक 16 अगस्त, 2021 समय अपरान्ह 3:30 बजे।
6. St. Xauier's High School Metanioa an effort to embrace what's beyond Date 23rd Aug 2021 at 12:00 noon.
7. In Collaboration with Integrated Institute for Advanced Research and Information (IIARI) International Webinar on "Future Career Counselling" Govt. Nehru PG College Dongargarh 25th Aug 2021 at 11:00 AM.
8. Inauguration function Regresher Course in Yoga and wellness scheduled from 31th Aug. to 13th sep. 2021 Ward Greeting form UGC-Human Resource Development Centre (HRDC) at 10.00 AM.
9. Orientation Programme "Dikshaarambh" 2021 2nd to 6th Sep. 2021 at 11.00 AM to 12.00 PM Shri Rawatpura Sarkar University, Raipur (C.G.)
10. राष्ट्रीय समाज विज्ञान परिषद के तत्वाधान में आयोजित विद्वद् व्याख्यान ''पुरातत्व एवं इतिहास में अन्तरसंबंध'' दिनांक 07 सितम्बर, 2021 समय अपरान्ह 4:00 बजे।
11. ''रचना से मुलाकात'' काव्य–पाठ एवं वक्तव्य (हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग) जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, दिनांक 13 सितम्बर, 2021 समय अपरान्ह 4:00 बजे।
12. अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में ''हिन्दी के अनछुए क्षितिज'' विषय पर एक दिवसीय वेबिनार, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा दिनांक 14 सितम्बर, 2021 समय प्रातः 10:00 बजे।
13. Sanawar (Virtual) Sahitya Samaroh-2021, The Lawrence School, Sanawar Solan, Himachal Pradesh, dated on 14 Sep, 2021 3:00 PM.
14. स्वतंत्रता की 75वी जयंती के अवसर पर तथा हिन्दी पखवाड़ा के उपलक्ष्य में दिनांक 17 सितम्बर, 2021 को स्वाधीनता आंदोलन से चही हिंदी की विकास यात्रा में हमारा स्वाभिमान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी सूचना एवं पुस्तकालय नेटवर्क केन्द्र, गांधीनगर गुजरात।
15. Sanawar (Virtual) Sahitya Samaroh-2021, The Lawrence School, Sanawar Solan, Himachal Pradesh, dated on 14 Sep, 2021 3:00 PM.
16. स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव ''आध्यात्मिकता से स्वतंत्रता'' विषय पर वेबिनार, वन्दे विशुद्ध विज्ञानौ, विश्वभंर अध्यात्म एवं विज्ञान संस्थान, जबलपुर दिनांक 21 सितम्बर, 2021 सायं 04:30 बजे।
17. Webinar on "New Education Policy of India 2020 - New Dimensions for India's Development" International goodwill society of India, Aligarh Chapter 22.09.2021 at 04:00 PM.
18. Virtual National Conference on Role of Intellectual Property Right (IPR) in Strengthening Innovative Research & Entrepreneurship Development, Mata Gujri Mahila Mahavidyalaya (Autonomous), Jabalpur IQAC & Research Cell organize in academic collaboration with Madhya Pradesh Council of Science & Technology, Bhopal 24-25th September, 2021 Time 12:30 PM.
19. ''शब्द यज्ञ'' के उद्घाटन द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्योदय अध्ययनकेन्द्र वृन्दावन 25–26 सितम्बर, 2021

20. राष्ट्रीय वेबिनार ''उच्च शिक्षा नीति एवं आदर्श व्यक्तित्व निर्माण'' 28 सितम्बर, 2021 समय अपरान्ह 2:00 बजे।

21. Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences, Mhow, Indore (MP) and Bhartiya Shikshan Manadal organizing National WebinarNEP 2020: Role of Social Science teachers on Date : 30 September 2021 Time : 11:30AM - 01:30PM

**22.** **H.S. Hota** Delivered a lecture on ICT Tools for Research in Online refresher course on Research Methodology on 3rd September 2021 organized by HRDC, Guru Ghasidas Central University, Bilaspur, C.G., India.

**23.** **H.S. Hota** Delivered an invited talk on Artificial Intelligence Vs, COVID-19 in Five Days Faculty Development Program on Artificial Intelligence, Machine Learning and Robotics organized by Department of Computer Science and Electronics, University of Science and Technology, Meghalaya during 6-10 September, 2021.

24. **Dr. Sumona Bhattacharya:** Faculty Development Programme on Research Methodology and Data Science, Jointly organised by Shri Shikshayatan College, University of Kolkata, WB and South Asian Institute For Advanced Research & Development (SAIARD). Theme : Sampling Techniques in Social Science Research. Date : 6th'Dec 2021

## FDP Organized

**H.S. Hota Remote coordinator of** two weeks online faculty development program on Digital tools for writing, authoring and reviewing manuscripts 12– 23 July, 2021 jointly organized by E and ICT academies under the scheme of financial assistance for setting up for electronics and ICT academies by the ministry of Electronics and Information Technology. This program is endorsed by AICTE/UGC and NBA.

**H.S. Hota Remote coordinator of** two weeks online faculty development program on Deep learning and applications 23rd August – 3rd September, 2021 jointly organized by E and ICT academies under the scheme of financial assistance for setting up for electronics and ICT academies by the ministry of Electronics and Information Technology. This program is endorsed by AICTE/UGC and NBA.

**H.S. Hota Remote coordinator of** two weeks online faculty development program on Python programming 26th July- 06th August, 2021 jointly organized by E and ICT academies under the scheme of financial assistance for setting up for electronics and ICT academies by the ministry of Electronics and Information Technology. This program is endorsed by AICTE/UGC and NBA.

**Jeetendra Kumar** Organized one week ATAL faculty development program on "Data Science:Applications and Research Directions" from 5-9 July 2021.

**Publications**

H.S. Hota, Dinesh Sharma, Nilesh Verma, Lexicon-Based Sentiment Analysis Using Twitter Data: A Case of COVID-19 Outbreak in India and Abroad, Data Science for COVID 19, Vol One Computational Perspectives, Elsevier publication, 2021 Pp 275- 295, ISBN 978-0-12-824536-1.

H.S. Hota, Dinesh Sharma, Richa Handa, COVID 19 pandemic in India: Forecasting using Machine Learning techniques, Data Science for COVID 19, Vol One Computational Perspectives, Elsevier publication, 2021, Pp 503-523, ISBN 978-0-12-824536-1.

**Rashmi Gupta and Jeetendra Kumar** (2021). Outlier based Human Fall Detection using One-Class Classification. Indian Journal of Science and Technology, 14(30), 2494-2503.

**Minj M and Pandey P** (2021), "Role of Indian Post Payment Banks in Financial Inclusion" in Kala Sarovar ( UGC Care Group-1 Journal), Vol-24,N0- 3 (B), July-September 2021

**Dr. Sumona Bhattacharya** "An empirical study on benefits of Industry4.0 automation in the changing pattern of industries", Published in: International journal of Management and Commerce (IRJMC) , Peer Reviewed (Refereed) Open Access International e-Journal ,Volume 8, Issue 9, September 2021, ISSN 2348-9766, Impact factor -5.564, ( https://aarf.asia/management.php )

**Dr. Sumona Bhattacharya** "Analysing the Impact of Performance Management and Internet of Things on Project Success in Large Enterprise",Published in Vidyabharti International Interdisciplinary Research Journal (Special Issue) Part 9, UGC- CARE List Group II, ISSN/eISSN: 2319-4979, Sep 2021,Page 1266.

**Dr. Latika Bhatia** (2021) Conversion of methane to methanol: Technologies and Future Challenges. Biomass Conversion and Biorefinery **(Springer).** ISSN 2190-6815. Springer-Verlag GmbH Germany, part of Springer Nature 2021.

**Book**

**Dr. Latika Bhatia** (Author) (2021). Text Book of Immunology. Daya publishing House, A division of ASTRAL International Pvt. Ltd. New Delhi (110002)ISBN 978-93-90435-88-3

**Program attended**

**Jeetendra Kumar** Online Elementary FDP on & quot;Artificial Intelligence for Computer Vision & quot; from 2021-07-12 to 2021-07-16 at Indian Institute of Technology, Roorkee.

**Jeetendra Kumar** Online Advanced FDP on & quot; Artificial Intelligence for Computer Vision & quot; from 2021-07-26 to 2021-07-30 at Indian Institute of Technology,

**Dharmendra Kashyap:** Refresher course in recent advance in life science for sustainable development by hrdc ggv duration 02 aug 2021 to 14 aug 2021.

**Dharmendra Kashyap:** Two weeks (40 hours) online Faculty Development Programme on "Deep Learning & Applications (Parallel Architectures)"jointly organized by the Electronics and ICT Academies at IIT Guwahati, IIT Kanpur, IIT Roorkee, MNIT Jaipur, NIT Patna, NIT Warangal and PDPM IIITDM Jabalpur during Aug 23- Sept 3, 2021 .

**Dharmendra Kashyap:** Two weeks (40 hours) online Faculty Development Programme on advanced optimization techniques and hands on with matlab/scilab, jointly organized by mnit jaipur, nit patna, iiitdm jabalpur & iit guwahati during 6th septem-ber to 17th September 2021.

**Dharmendra Kashyap:** Two weeks (40 hours) online Faculty Development Programme on Digital Tools for Writing, Authoring and Reviewing Manuscripts, JOINTLY ORGANIZED BY IIT Guwahati, NIT Patna, MNIT Jaipur, IIT Kanpur, IIITDM Jabalpur & IIT Roorkee DURING 12th to 23rd July 2021

**Dharmendra Kashyap:** Two Weeks International Online STTP on "Computational Techniques & Applications in Bioinformatics" from 13th - 25th September 2021, Organized by Department of Information Technology in Collaboration with Student Chapters of IEEE Computer Society and Association for Computing Machinery, MVSR Engineering College, Hyderabad, Telangana, India

# स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम 2021





सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका : डॉ. लतिका भाटिया



सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका : डॉ. पूजा पाण्डेय



शहीद नूतन सोनी की माता श्रीमती सुमित्रा देवी सोनी को माननीय कुलपति जी द्वारा सम्मान



सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी : श्री प्रदीप सिंह

# 24 सितम्बर, 2021 स्थापना दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार

## सत्र 2020-21

(I) कार्यक्रम अधिकारी श्री महावीर प्रसाद चन्द्रा, शास.उ.मा.विद्यालय, लाफा,जिला कोरबा को श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि रू. 11,000/– नगद एवं प्रशस्ति पत्र मान्नीय राज्यपाल महोदया सुश्री अनुसुइया उइके जी के द्वारा प्रदान किया गया।

(ii) स्वयंसेवक स्तर (महाविद्यालय) पर लाकेश सिदार, शास.ई.वि.पीजी महाविद्यालय,कोरबा को श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि रू. 10,000/– नगद एवं प्रशस्ति पत्र मान्नीय राज्यपाल महोदया सुश्री अनुसुइया उइके जी के द्वारा प्रदान किया गया।

(iii) स्वयंसेवक स्तर (महाविद्यालय) पर किशोर राजपूत, सी.एम.डी. महाविद्यालय,बिलासपुर को श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि रू. 10,000/– नगद एवं प्रशस्ति पत्र मान्नीय राज्यपाल महोदया सुश्री अनुसुइया उइके जी के द्वारा प्रदान किया गया।

(IV) स्वयंसेवक स्तर (विद्यालय) पर गार्गी सनाड्य, सेंट जोसेफ कान्वेंट उ.मा.विद्यालय,बिलासपुर को श्रेष्ठ स्वयंसेवक के रूप में राज्य स्तरीय पुरस्कार राशि रू. 10,000/– नगद एवं प्रशस्ति पत्र मान्नीय राज्यपाल महोदया सुश्री अनुसुइया उइके जी के द्वारा प्रदान किया गया।



# संपादक मंडल




संपादक
डॉ. सीमा ए. बेलोरकर
सूक्ष्मजीवविज्ञान एवं जैव सूचना विभाग
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
डॉ. राजकुमार सचदेव
हिन्दी विभाग,
षास. महा. रतनपुर, बिलासपुर (छ.ग.)



सदस्य
डॉ. डी.एस.व्ही.जी.के. कलाधर
विभागाध्यक, सूक्ष्मजीवविज्ञान एवं जैव सूचना विभाग
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
ई. यषवंत पटेल
विभागाध्यक्ष, खाद्य प्रसंस्करण एवं प्रौद्योगिकी
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
डॉ.एच.एस. होता
विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
श्री हामिद अब्दुल्ला
विभागाध्यक्ष, होटल प्रबंधन एवं आतिथ्य विभाग
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
डॉ. पूजा पाण्डेय
विभागाध्यक्ष, वाणिज्य एवं वित्तीय अध्ययन,
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग



सदस्य
डॉ. सुमोना भट्टाचार्य
आंतरिक गुणवत्ता आष्वासन प्रकोश्ठ,समन्वयक
विष्वविद्यालय षिक्षण विभाग